**Regarding Need to construct school building for Kendriya Vidyalaya in Banka, Bihar- laid**

श्री गिरिधारी यादव **(**बांका**) :** राज्य के मेरे संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत बांका जिला मुख्यालय है । बांका अत्यंत पिछड़ा जिला है । यहाँ पर केन्द्रीय विद्यालय विगत 15 वर्षों से बिना भवन का हीं चल रहा है और केन्द्रीय विद्यालय भवनहींन रहने से इस क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को केन्द्रीय विद्यालय की पढ़ाई का लाभ ठीक ढंग से नहीं मिल पा रहा है और बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पडता है । केन्द्रीय विद्यालय में भवन बन जाने से छात्र-छात्राओं की परेशानियां दूर हो जएगी । बिहार सरकार के द्वारा जमीन भी उपलब्ध करा दी गई है । अतः मैं भारत सरकार से मांग करता हूँ कि जल्द से जल्द केन्द्रीय विद्यालय, बांका का भवन निर्माण करायें ।